प्रेस विज्ञप्ति

भाषा विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने सीखे फोटोग्राफ़ी के गुर

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में संचालित फोटोग्राफी एवं फिल्म क्लब के सदस्य छात्र एवं छात्राओं ने आज 8वी उत्तर प्रदेश फोटो एक्सपो 2022 का भ्रमण किया। ये फोटो एक्सपो फोटो फेयर ट्रस्ट द्वारा, गोल्डन ब्लॉसम रिसोर्ट में आयोजित की गयी है।

यहां विद्यार्थियों ने लाइटिंग, कैमरा फंक्शन, ट्राइपॉड, फ़ोटोबुक, गिम्बल, 3D टेक्नोलॉजी, वी आर आदि के बारे में विभिन्न कंपनियों के स्टाल पर जा कर प्रायोगिक रूप से जानकारी प्राप्त की। विद्यार्थियों ने एक्सपो में आयोजित कार्यशाला के अंतर्गत जाने माने फ़ैशन एवं विज्ञापन फोटोग्राफर *लव इसरानी* से फोटोग्राफ़ी के गुर भी सीखे।

पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के विद्यार्थी प्रिंस यादव ने बताया कि इस एक्सपो के माध्यम से उसे फोटोग्राफ़ी के नये तकनीकी पहलुओं की जानकारी प्राप्त हुई है । वही अनामिका सिंह ने बताया कि एक्सपो में विभिन्न कंपनियों द्वारा लगाए गए कैमरे के प्रयोग ने उसकी फोटोग्राफ़ी लेंस की समझ को और विस्तृत कर दिया है।

इस भ्रमण के दौरान विश्वविद्यालय के फोटोग्राफी एवं फिल्म क्लब की कोऑर्डिनेटर डॉ तनु डंग भी विद्यार्थियों के साथ मौजूद रही।

डॉ तनु डंग

मीडिया प्रभारी

केएमसी भाषा विश्वविद्यालय

लखनऊ